

# नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति अधर पर

## महज 18 महीने बचा है कार्यकाल फिर भी नियुक्ति पर चुप्पी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 5 जनवरी. शहर के नगरीय निकाय का कार्यकाल अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक सतना नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति नहीं हो सकी है। जबकि नगर निगम में कुल 45 वार्ड हैं और नियमानुसार कम से कम हर 5 वार्ड में एक एल्डरमैन की नियुक्ति अनिवार्य मानी जाती है।**



नगर निगम के गठन लगभग सवा 3 साल पूरे होने जा रहे हैं को करीब 18 महीने का कार्यकाल ही बचा है, अब तक एल्डरमैन की तैनाती को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह स्थिति नगर निगम की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक गंभीरता पर सवाल खड़े करती है। सूत्रों के अनुसार, तत्कालीन कार्यकाल में ममता पुरारी सोनी, श्यामलाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, केशव कोरी, रमाकांत गौतम, डॉ. उमेंद्र सिंह और ममता सोनी जैसे नाम सामने आए थे, लेकिन इन नामों पर सहमति बनने के बावजूद नियुक्ति की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

### भोपाल से होती है नियुक्ति

एल्डरमैन की नियुक्ति न होने से नगर निगम की बैठकों, निर्णय प्रक्रिया और विशेष विषयों पर विशेषज्ञ सलाह का अभाव साफ नजर आ रहा है। जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते एल्डरमैन की नियुक्ति होती, तो नगर विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बेहतर निर्णय लिए जा सकते थे। अब जबकि नगरीय निकाय का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, यह देखना अहम होगा कि नगर निगम प्रशासन अंतिम समय में इस दिशा में कोई कदम उठाता है या नहीं।

# सांसद की पहल पर वृहद रोजगार मेला 20 से

## 15 तक बेरोजगार युवाओं का होगा ऑनलाइन पंजीयन

**नवभारत न्यूज**

**सतना 05 जनवरी. लोकसभा क्षेत्र सतना के सांसद गणेश सिंह की पहल पर सतना जिले में 20-21 जनवरी को वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। युवाओं को योग्यता आधारित रोजगार से जोड़ने की सशक्त पहल के अनुक्रम में सतना और मैहर जिले के युवाओं को प्राथमिकता देकर उनकी योग्यता, कौशल एवं रूचि के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।**



सोमवार को ए.के.एस. विश्वविद्यालय शेरगंज सतना में आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद श्री सिंह ने यह जानकारी दी। सांसद श्री सिंह ने बताया कि सतना रोजगार पर्व 2026 के अंतर्गत 20 एवं 21 जनवरी को ए.के.एस. यूनिवर्सिटी परिसर में दो दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में 9 प्रमुख क्षेत्रों (सेक्टर) की 50 से अधिक कम्पनियां भाग लेंगी। जिनके माध्यम से युवाओं को उनकी योग्यता और रूचि के अनुसार विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन कर रोजगार के अवसर दिये जायेंगे। सतना और मैहर जिले के युवा रोजगार के लिए उत्थान सेवा डाट ओआरजी/सतना-रोजगार-पर्व-2026 लिंक के माध्यम से 4 जनवरी से 15 जनवरी तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी 16 जनवरी से 18 जनवरी तक की जायेगी। इसके पश्चात 20 और 21 जनवरी को ए.के.एस. यूनिवर्सिटी सतना में आयोजित सतना रोजगार पर्व 2026 के अंतर्गत सभी पंजीकृत युवाओं के प्रत्यक्ष साक्षात्कार (इंटरव्यू) लिये जायेंगे। विभिन्न कंपनियों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर ज्वाइनिंग लेटर दिये जायेंगे। मेले में यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत अन्य जिले या प्रांतों के युवा भी रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं। सांसद श्री सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में 9 प्रमुख सेक्टरों की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही है। रोजगार के प्रमुख क्षेत्रों में लाजिस्टिक एवं ई कामर्स रिटेल, अपारेल सेक्टर (कपड़ा एवं परिधान उद्योग) में कपडों का निर्माण, सिलाई, डिजाइन, पैकेजिंग ब्रांडिंग तथा रिटेल बिक्री से जुड़े सभी कार्य शामिल है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक्स, आटोमोटिव हेल्थ केयर, हास्पीटेलिटी, फिन्टेच, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्मफॉरमेशन टेक्नालॉजी, सेक्यूरिटी के क्षेत्र भी शामिल है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, अपर कलेक्टर विकास सिंह, मैहर जिले से एसडीएम एसपी मिश्रा, सीएसपी देवेन्द्र सिंह, प्राचार्य आईटीआई एवं रोजगार अधिकारी बीडी तिवारी, यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर अनंत सोनी, प्रो. कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# व्हाइट टाइगर सफारी में मादा तेंदुए की मौत

## दो दिन बाद सामने आई जानकारी, वन्य प्राणियों की निगरानी पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 5 जनवरी. नए साल के आगमन पर मार्तंड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी एवं जू सेंटर में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली और करीब 18 हजार सैलानी विभिन्न प्रजातियों के वन्य जीवों का दीदार करने पहुंचे। लेकिन वहीं दूसरी ओर जू सेंटर से जुड़ी एक गंभीर और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जू सेंटर में एक मादा तेंदुआ की मौत रहस्यमय परिस्थितियों में हो गई, जिसकी जानकारी प्रबंधन को दो दिन बाद लग पाई।**



इस घटना के सामने आने के बाद जू प्रबंधन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जू प्रबंधन से जुड़े सूत्रों के अनुसार मादा तेंदुआ की मौत करीब दो दिन पहले ही हो चुकी थी, लेकिन इसकी भनक प्रबंधन को सोमवार को लगी। हैरानी की बात यह है कि जू सेंटर में प्रत्येक जीव और प्राणी की नियमित निगरानी का दावा करने वाला प्रबंधन दो दिनों तक इस घटना से अनजान रहा। यह लापरवाही अपने आप में कई सवाल खड़े करती है, खासकर तब जब जू सेंटर में बड़ी संख्या में पर्यटक मौजूद थे और सुरक्षा एवं देखरेख के पुख्ता इंतजाम होने का दावा किया जाता रहा है। इस पूरे मामले में उप वन मंडल अधिकारी रामेश्वर टेकाम को भी घटना की जानकारी समय पर नहीं मिल सकी, जो व्यवस्थागत चूक की ओर इशारा करती है। जू सेंटर के अधिकारियों का कहना है कि मृत मादा तेंदुआ की उम्र करीब 20 वर्ष थी, जो तेंदुए की औसत आयु के आसपास मानी जाती है। जानकारी के अनुसार तेंदुआ ने 2 जनवरी की तड़के करीब 3 बजकर 48 मिनट में अंतिम सांस ली। मुकुंदपुर में तैनात पशु चिकित्सक डॉ नितिन गुप्ता का कहना है कि मादा तेंदुआ ने अपनी प्राकृतिक आयु लगभग पूरी कर ली थी और मौत सामान्य प्रतीत होती है।

### पन्ना से लाया गया था

बताया गया कि मादा तेंदुआ को वर्ष 2020 में पन्ना से मुकुंदपुर लाया गया था और तब से वह जू सेंटर का हिस्सा थी। हालांकि मौत को सामान्य बताया जा रहा है, लेकिन जिस तरह से प्रबंधन को दो दिन तक इसकी जानकारी नहीं लग सकी और अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, उसने जू सेंटर की निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। हालांकि मामला आने के बाद प्रबंधन ने आधिकारिक प्रेस नोट जारी कर दिया गया।

# नीलगाय की गोली मारकर की हत्या

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 5 जनवरी. जिले के नागौद वन परिक्षेत्र के कोलाड गांव में शिकारियों ने एक नीलगाय की गोली मारकर हत्या कर दी। रविवार शाम खेत में नीलगाय का शव मिला।**

ग्रामीणों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने अज्ञात शिकारी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम करीब 4 बजे की बताई गई। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अचानक गोली चलने की तेज आवाज सुनाई दी। जब वे आवाज की दिशा में खेतों की तरफ दौड़े, तो वहां एक नीलगाय अचेत अवस्था में पड़ी मिली। उसे गोली मारी गई थी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही नागौद रेंजर पूर्वी सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। वन अमले ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को नीलगाय का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। वन विभाग ने अज्ञात शिकारी के खिलाफ मामला दर्ज कर क्षेत्र में तलाश शुरू कर दी है।

# दूषित जलापूर्ति की शिकायत को ननि नहीं लेता संज्ञान

## महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सतना 5 जनवरी. शहर में होने वाले दूषित पेयजल की सप्लाई की शिकायत समय समय पर नगर पालिक निगम में की जाती है. लेकिन लोगों के जीवन से जुड़े इस गंभीर मामले पर नगर निगम द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जाता. महिला कांग्रेस सतना की पदाधिकारियों द्वारा इस संबंध में जिला कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को ज्ञापन सौंपा गया.**



महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉली चौरसिया के नेतृत्व में शहनाज, गीता और साधना सहित अन्य महिलाओं के प्रतिनिधिमण्डल ने सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस से भेंट की. इस दौरान महिला कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल द्वारा जिला कलेक्टर को शहर में निरंतर दूषित पेयजल की सप्लाई होने से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन सौंपने केक साथ ही महिला प्रतिनिधिमण्डल द्वारा कलेक्टर को बताया गया कि इंदौर में गंदा पानी पीने से जहां 16 लोगों की मौत हो गई वहीं 200 से ज्यादा लोग बीमार हैं. यही स्थिति सतना शहर की भी है, और यहां पर आमजन भी दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं. शहर में लोगों द्वारा समय समय पर दूषित पेयजल की सप्लाई की शिकायत नगर निगम में की जाती है. लेकिन इसके बावजूद भी इतने गंभीर विषय पर नगर निगम द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जाता है. इसी कड़ी में महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमण्डल ने कलेक्टर से आग्रह किया कि इंदौर जैसी घटना भविष्य में सतना में घटित न हो इसके लिए पेयजल सप्लाई की उचित जांच कराई जाए. इसके साथ ही यह भी सुनिश्चत किया जाए कि नगरवासियों के घरों में साफ-सुथरा और पीने योग्य पानी ही पहुंचे.



# रिश्तेदार ने ही उड़ा दिए 5 लाख के आभूषण

## सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा, शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना 5 जनवरी. पिछले वर्ष के आखिरी दिन कुछ देर के लिए पड़ोस में गई महिला जब वापस घर लौटी तो आलमारी से सोने-चांदी के आभूषण नदारद मिले. जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो चोरी करने वाला सगा रिश्तेदार निकला. महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

कोतवाली थाना प्रभारी मैहर अनिमेष द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा बाजार निवासी एक महिला द्वारा अपने घर में चोरी की शिकायत की गई थी. महिला ने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर को दोपहर लगभग 12 बजे वे पड़ोस में गई हुई थीं. कुछ देर बाद जब वे वापस लौटीं तो उन्होंने देखा की उनके घर में रखी हुई आलमारी खुली हुई है और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो चुके हैं. चोरी हुए आभूषणों की कीमत 5 लाख रु बताई गई. इस संबंध में जब सीटीवी फुटेज की जांच हुई तो घर से भागने वाले आरोपी की पहचान महिला द्वारा अपने सगे रिश्तेदार के तौर पर की गई. उक्त रिश्तेदार 31 दिसंबर को महिला के घर भी आया था. इसी दौरान उसने आलमारी में रखे आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया. जिसे देखते हुए पुलिस ने संदेह के आधार पर आकाश उर्फ रवि विश्वकर्मा पिता मनोज उम्र 25 वर्ष निवासी जेपी नगर चोरहटा नौबस्ता को पकड़कर पूछताछ शुरु की. पूछताछ में आकाश ने चोरी करना स्वीकार कर लिया. लिहाजा उसकी तस्दीक पर चुराए गए सोने-चांदी के आभूषणों को जब्त कर लिया गया.

# छोटे ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे गए थे 34 मवेशी

▸ कसाईघरों तक पहुंचने से पहले पुलिस ने पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 5 जनवरी. छोटे ट्रक में 34 मवेशियों को ठूंस ठूंस कर भरने के बाद कसाईघर में वध के लिए ले जाया जा रहा था। लेकिन कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर मैहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ बेजुबानों को वध से बचा लिया। बल्कि पशु तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को भी दबोच लिया गया।**



मैहर जिले के थाना ताला से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को रात्रि लगभग 02.30 बजे कंट्रोल रूम मैहर से सूचना प्राप्त हुई कि एक टाटा छ्ष्टरूट्रक क्रमांक MP 53 G 4361 में भैंस एवं पड़वा को क्रूरतापूर्वक लोड कर गोविन्दगढ़ की ओर से बेला की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर उप निरीक्षक नागेश्वर प्रसाद मिश्रा, चौकी प्रभारी मुकुन्दपुर द्वारा हमराह स्टाफ के साथ गुजरा टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी कर उक्त ट्रक को रोका गया। ट्रक रुकते ही चालक एवं उसका साथी वाहन को छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम अल्ताफ खान पिता मदीना खान, उम्र 35 वर्ष, तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम इलताक खान पिता जिमी खान, उम्र 28 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम छवारी, थाना मझौली, जिला सीधी बताया। गवाहों की उपस्थिति में ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 28 नग पड़वा (भैंसा) एवं 06 नग भैंस, कुल 34 नग मवेशी, दो तलों में ठूंस-ठूंसकर अत्यंत क्रूरतापूर्वक भरे हुए पाए गए। पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वाहन स्वामी एवं मवेशी व्यापारी मुबारक खान पिता शरीफ खान, निवासी ग्राम छवारी, थाना मझौली, जिला सीधी द्वारा मवेशियों को कसाईघरों में वध कराने के उद्देश्य से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था।

जिसे देखते हुए पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाए जाने पर ट्रक एवं मवेशियों को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सावित्रीबाई शिक्षा और संघर्ष की प्रेरक गाथा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 5 जनवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना में प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. क्रांति मिश्रा के निर्देशन में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।**

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। प्रतियोगिताओं में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में मोहित कुशवाहा एवं किरण मल्लाह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह ने सावित्रीबाई फुले जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी।



# कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 5 जनवरी. मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच जिला शाखा सतना द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे के नेतृत्व में कर्मचारियों की प्रमुख पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर सतना को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सौपा.**

ज्ञापन सौपने वालों में अशोक पांडेय नरेंद्र पयासी वन विभाग मृत्युंजय द्विवेदी बी एल कोरी जल संसाधन, सुखेंद्र सिंह महिला बाल विकास ,संपत साकेत उद्यानिकी विभाग, उमेश शुक्ला कृष्णकांत शुक्ला कुशवाहा भगवान दिन आदि शामिल थे। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच जिला शाखा सतना के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पयासी ने जारी प्रेस विज्ञाति में बताया है कि राज सरकार के वित्त विभाग ने 22 दिसंबर 2025 को प्रदेश के पांच सवंर्ग के स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अंशकालीन कर्मचारी कार्यभारित कर्मचारी एवं आकस्मिक निधि कर्मचारी के पदों को संखेतर घोषित करके प्रदेश के 3 लाख कर्मचारियों को बंधुआ मजदूर बना दिया है अब 3 लाख कर्मचारियों को ना तो नियमित करण का लाभ मिलेगा ना वेतनमान का लाभ मिलेगा और ना ही स्थाईकरण का लाभ मिलेगा कर्मचारी पेंशन बीमा ग्रेजुटी के लाभ से भी वंचित हो हो गए है कर्मचारी मानदेय मुख्यमंत्री के नाम सौपे ज्ञापन में मांग करी है कि वित्त विभाग के आदेश दिनांक 22 दिसंबर 2025 के आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन कर्मचारियों को अतिशीघ्र नियमित किया जाए स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जाए पीएफ एव बीमा सुविधा का लाभ दिया जाए एवं पेंशन सुविधा का लाभ दिया जाए कर्मचारी मंच जिला शाखा सतना ने निर्णय लिया है कि यदि 15 दिवस में मांगों को मंजूर करके आदेश जारी नहीं किए गए तो कर्मचारी मंच के नेतृत्व में सतना जिले के कर्मचारी जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन करेंगे।

# छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने प्रतियोगिताएं आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 5 जनवरी. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं एवं छात्रा आत्महत्या की रोकथाम समिति द्वारा छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जगाने के लिए महाविद्यालय स्तर पर पोस्टर, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.के.पाण्डेय के निर्देशन में समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्स लिया और अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बढ़ती समस्याओं और तनाव के कारण आत्महत्या के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए महाविद्यालय स्तर पर समिति का गठन किया गया है जिसमें छात्राओं को आमंत्रित किया जाता है कि छात्राएं अपनी समस्या लेकर उनके निराकरण हेतु समिति से संपर्क कर सकती है। छात्राओं की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रहेगी उनकी गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा समिति की संयोजक डॉ. आभा गोयल द्वारा छात्राओं को इस बात की भी जानकारी व तनाव मुक्ति की जानकारी भी दी गई। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ.किरण सिंह और डॉ. रमाकांत सिंह ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के आयोजन में सह संयोजक डॉ शशिकांत सिंह, डॉ प्रतिभा शर्मा, डॉ ज्योति लता सिंह, डॉ. ऋचा खत्री, कु. संगीता उरमालिया एवं डॉ.अमिता जायसवाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एक नजर में



### गुरु गोविंद सिंह का 359 वां प्रकाश पर्व मनाया गया

**सतना,** गुरुद्वारा नानक दरबार में श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब महाराज जी का 359वां पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा नानक दरबार में अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ शनिवार को किया गया था, जिसकी समाप्ति आज प्रात: 9ः30 बजे हुई। अखंड पाठ साहिब की समाप्ति उपरांत विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया.



### रेलवे प्रीमियर लीग को लेकर हुई बैठक

**सतना.** रेलवे प्रीमियर लीग को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमे रेलवे प्रीमियर लीग 2026 के आयोजन का शुभारंभ तारीक सुनिशिचित की गई इस बार रेलवे प्रीमियर लीग का शुभारंभ 25 जनवरी को होगा । तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्थाओं, और कार्यान्वयन योजनाओं पर चर्चा की गई। रेलवे ग्राउंड की साफ़- सफाई प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीमों की संख्या पर चर्चा ।इस मौके पर रशिद ख़ान ,मनोरंजन सदन सचिव यादवेन्द्र, सिंह ,कोषाध्यक्ष नीरज राज,सदस्य मुकेश कुमार ,सदस्य निवेंद्र सिंह ,मुख्य कर्मिदल नियंत्रण सतना ओ पी यादव ,स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य सतना अवध गोपाल मिश्रा ,कैरिज व वैगन इंचार्ज कृतेश सिंह ,आई ओ डब्ल्यू गुड्डू राजा व राजकुमार तांती ,टी आर डी सीसेई चंदन कुमार ,आर पी एफ एस आई आकाश गौतम मजदूर संघ के सचिव आनद यादव व मुकेश मिश्रा तथा और सुरक्षा अधिकारी आदि।




### बच्चों को पौष्टिक फल वितरित किए

**सतना .** समाजसेवी संस्था लायंस क्लब सतना द्वारा हंगर मुक्त भारत अभियान के तहत दो विद्यालयों में सेव फल व संतरा का वितरण 500 छात्रों को किया। क्लब के पीआरओ नीलांबर झा ने बताया कि दिनांक 3 जनवरी से 13 जनवरी तक हंगर वीक के तहत नियमित सेवा गतिविधि की कड़ी में आज तीसरे दिन शासकीय प्राथमिक शाला कंपनी बाग एवं विनायक स्कूल, पौराणिक टोला में लायंस निवर्तमान गवर्नर सुधीर जैन के मुख्य आतिथ्य में, सप्ताह संरक्षक पूर्व लायंस गवर्नर सत्येंद्र शर्मा की अध्यक्षता में फलों का वितरण किया गया। इस दौरान पीडीजी सत्येन्द्र शर्मा ने छात्रों से जंक फूड, अपौस्टिक भोजन से बचने की सलाह दी एवं घर का बना पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी इस अवसर पर प्रमुख संयोजक लायन हेमंत डेनियल, गतिविधि प्रवर्तक एवं क्लब कोषाध्यक्ष लायन मीनाक्षी नेमा, सचिव प्रशासन लायन डॉ रमेश मिश्रा, श्रीचंद अग्रवाल, नितिन राज नेमा, अध्यक्ष अरविंद शर्मा, पीआरओ नीलांबर झा, लायन आर एन त्रिपाठी, दोनों विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे।